नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## अंतरराष्ट्रीय शिविर के लिए हिंदी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पंजाब रवाना

वर्धा, 30 नवंबर 2018: राष्ट्रीय युवा योजना के तत्वावधान में पंजाब के सुलतानपुर लोधी शहर में 3 से 10 दिसंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिविर में सहभागी होने के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय से 67 विद्यार्थी रवाना हुए हैं। विवि के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर गुरुवार, 29 नवंबर को विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से रवाना किया। इस अवसर पर समाजकार्य विभाग के




सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. शिव सिंह बघेल तथा गजानन निलामे, शोधार्थी शिवाजी जोगदंड, जनसंपर्क विभाग के राजदीप राठौर प्रमुखता से उपस्थित थे। गुरु नानक देव जी की 550 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश-विदेश से पांच हजार से अधिक युवा-युवतियां सहभागी होने वाले हैं। शिविर में राष्ट्रीय युवा योजना के निदेशक डॉ. एस. एन. सुब्बाराव मार्गदर्शन करेंगे। शिविर के दौरान राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता, भारत की संतान आदि कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस शिविर में वर्धा से 150 से अधिक युवा और युवतियां सहभागी होने की जानकारी राष्ट्रीय युवा योजना के जिला समन्वयक सारंग रघाटाटे ने दी है।